Lakeridge Health



Cynthia Davis
अध्यक्ष और CEO



Dr. Tony Stone
कार्यकारी अधिकारी

**फरवरी 10, 2021**

प्रिय मित्रों और पड़ोसियों,

Lakeridge Health को लगातार सहयोग देने और COVID-19 को फैलने से रोकने के लिए किए गए प्रयासों के लिए आपका धन्यवाद।

इस महामारी से एक साथ मिल कर युद्ध जारी रखते हुए, हम पिछले साल से लेकर अब तक के दूसरे प्रांतीय लॉकडाउन के साथ आपातकाल की स्थिति में हैं। पिछले कुछ हफ्तों में, लोगों के सिर्फ़ काम पर सिर्फ़ जरूरी होने पर जाने, आवश्यक खरीदारी और मेडिकल अपॉइन्ट्मन्ट के लिए बाहर जाने के अलावा पूरे समय घर पर रहने से, Durham क्षेत्र में COVID-19 के फैलाव में कुछ कमी आई है। इसके बावजूद, हम अपने अस्पतालों में, COVID-19 के काफ़ी मरीज़ों का इलाज करना जारी रखे हुए हैं।

इसके साथ ही, आपकी सेवा करने के साथ, हम अपने अस्पताल के कुछ साझेदारों पर COVID-19 की वजह से काम का दबाव बढ़ने के कारण, हम अन्य क्षेत्रों के Ontario वासियों की देखभाल करने का अपना दायित्व पूरा करते हुए, महामारी के विरुद्ध प्रांतीय प्रतिक्रिया में भी सहयोग दे रहे हैं। यदि कभी हमें ज़रूरत पड़ी, तो हम इन्हीं साझेदारों से मदद लेंगे।

हालांकि हम सभी को इस महामारी से जूझते हुए थकान महसूस हो रही है, तब भी हमारी सबसे अग्रणी (फ्रन्टलाइन) टीमें उन लोगों के लिए असाधारण तत्परता और प्रतिबद्धता प्रदर्शित करती है, जिन्हें हमारे समुदाय में विशेष स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं की आवश्यकता होती है। हमारी टीमें अथक परिश्रम कर रही हैं और सुरक्षित, उच्च गुणवत्ता वाली देखभाल प्रदान करने के लिए नई प्रक्रियाएं निकाल रही हैं और उनका प्रयोग कर रही हैं।

**वैक्सीन (टीके) के बारे में ताज़ा जानकारी: वरीयता प्राप्त लोगों के साथ प्रगति जारी है**

नए साल के साथ पहले COVID-19 के उम्मीद भरे टीके लगने शुरू हुए। Lakeridge Health, को Ontario में Pfizer के COVID-19 टीके वितरण करने वाला एक अस्पताल होने पर गर्व है। Oshawa

अस्पताल के स्थल पर टीका लगाने वाले क्लिनिक और हमारी मोबाईल टीकाकरण क्लिनिक के ज़रिए, हम पहले ही वरीयता प्राप्त जनता: दीर्घकालिक होम और सेवानिवृत्ति होम के निवासियों, स्टाफ, और आवश्यक देखभाल प्रदाताओं के साथ-साथ उच्च-जोखिम वाले स्वास्थ्य देखभाल कर्मचारियों को, 15,000 से ऊपर टीके लगा चुके हैं।

फिलहाल हमारा मुख्य ध्यान Ontario में टीकाकरण के 1ले चरण को सहयोग देना है। Durham क्षेत्र के पराचिकित्सकों और सार्वजनिक स्वास्थ्य के सहयोग से, हम 1ले चरण में नामित संवेदनशील समूहों की सुरक्षा के लिए टीके की आपूर्ति के आधार पर जितनी जल्दी हो सके, उतनी जल्दी टीका वितरण करने का काम कर रहे हैं।

हमें पता है कि आप में से बहुत से लोग उत्सुकता से अनुमोदित टीकों के आगे के टीकाकरण की खबर का इंतज़ार कर रहे हैं। इस समय हमारा क्लिनिक, जनसाधारण को टीकाकरण के अपॉइन्ट्मन्ट देने में असमर्थ है। Ontario के आगे के टीकाकरण की योजना के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाईट या Durham क्षेत्र सार्वजनिक स्वास्थ्य वेबसाईट पर जाएं। हम आने वाले महीनों में अपने साझेदारों के साथ यह सुनिश्चित करने के लिए काम करेंगे, कि हमारे पास जैसे ही टीका आए, हम उसे आप तक पहुँचा पाएं।

**वर्चुअल तुरत देखभाल क्लिनिक: अपने घर से देखभाल प्राप्त करना**

Lakeridge Health में हमारी प्राथमिकता है कि हम, खासतौर पर महामारी के समय, स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं तक लोगों की पहुँच को बेहतर बना सकें। बाहय रोगी डायलिसिस, मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं और पुनर्वास जैसे प्रोग्रामों की वर्चुअल देखभाल सेवाओं की सफलता को देखते हुए, Lakeridge Health ने एक नए वर्चुअल तुरत देखभाल क्लिनिक की शुरुआत की है।

यह नया क्लिनिक जीवन की गैर-खतरनाक परिस्थितियों के लिए, काफी हद तक एक वॉक-इन क्लिनिक जैसे काम करता है, फ़र्क केवल यह है कि देखभाल कहीं से भी, किसी मोबाईल या वाईफाई वाले कंप्यूटर के ज़रिए प्राप्त की जा सकती है। मरीज़ एक सुरक्षित नेटवर्क के ज़रिए कनेक्ट कर के चिकित्सक से बात कर सकते हैं और मेडिकल सलाह, दवाइयों के नाम और ज़रूरत पड़ने पर दिखाने के लिए किसी अन्य चिकित्सक के नाम की सलाह ले सकते हैं। यदि आप वर्चुअल क्लिनिक का उपयोग करने में रुचि रखते हैं, तो कृपया www.lh.ca पर जाएं।

**नियत सर्जरी**

अब जब हम COVID-19 के अस्पताल में भर्ती होने वाले रोगियों कि संख्या में वृद्धि के लिए तैयारी कर रहे हैं, Lakeridge Health ने इस समय अपने Oshawa Hospital और Ajax Pickering Hospital में की जाने वाली नियत सर्जरी की संख्या घटाने का बहुत मुश्किल निर्णय लिया है।

हमारा लक्ष्य है कि हम सबके लिए सुरक्षित वातावरण बनाए रखते हुए, जितनी मुमकिन हों उतनी सर्जरी करना जारी रखें। जबकि हर सर्जरी उस व्यक्ति के लिए महत्वपूर्ण होती है, जिसे इसकी आवश्यकता होती है, इस समय हम किसी भी स्थगित सर्जरी को एक दिन में पूरी होने वाली सर्जरी वाले मरीज़ों या अन्य बाह्य रोगी सेवाओं की आवश्यकता के साथ बदल सकते हैं। COVID-19 से ग्रस्त रोगियों की संख्या में बढ़ोतरी होने के साथ-साथ, हमें नियत सर्जरी का एक बड़ा प्रतिशत स्थगित करना पड़ सकता है।

हम यह निर्धारित करने के लिए हर सर्जरी की समीक्षा कर रहे हैं, कि हम अपने मरीज़ों की ज़रूरतों को कैसे पूरा कर सकते हैं। हमेशा की तरह, हम एक नैतिक ढांचे का उपयोग करके और अपने मूल्यों के साथ संरेखण में यह निर्णय ले रहे हैं। जैसे ही हम सुरक्षित रूप से सर्जरी कर पाने में सक्षम होते हैं, हम नियमित रूप से सर्जरी की मात्रा फिर से शुरू कर देंगे।

**COVID-19 परीक्षण: यदि आपको लक्षण दिखाई देते हैं तो देरी ना करें**

इस वायरस से लड़ने के लिए जल्दी जाँच करवा लेना जरूरी है। यदि आप या आपके घर में कोई भी बीमार होता है, तो हम आप से आग्रह करते हैं कि आप तुरंत Covidswab.lh.ca पर जाकर COVID-19 की जाँच बुक करें। देरी करने से अनजाने में वायरस फैलने का खतरा बढ़ जाता है।

पूरे Durham क्षेत्र में छह COVID-19 परीक्षण केंद्र और तीन सॅटॅलाइट स्थल हैं। इसके अलावा समुदाय में एक मोबाईल परीक्षण बस परीक्षण क्षमताओं को लेकर आ रही है - घर से बाहर ना जा पाने वाले बुज़ुर्गों और उन लोगों के लिए जो परीक्षण केंद्र तक जाने में असमर्थ हैं। इस पहल का नेतृत्व करने और हमारे समुदाय में सबसे कमज़ोर लोगों की मदद करने के लिए Durham क्षेत्र के पराचिकित्सकों को धन्यवाद। परीक्षण केंद्र स्थलों और परीक्षण किए जाने के समय के लिए कृपया हमारी वेबसाईट देखें।

**कृपया सतर्क रहें**

हम समझते हैं कि “COVID की थकान” बहुत वास्तविक है। लेकिन पहले से भी ज़्यादा, अब हमें आपकी मदद की ज़रूरत है। कृपया बुनियादी सुरक्षा उपायों का पालन करके सतर्क रहें: घर पर रहें, केवल ज़रूरी कामों के लिए बाहर जाएं, जिनके साथ रहते हैं, केवल उन्हीं के संपर्क में आएं, अपने हाथ बार-बार धोएं, और जब बाहर जाएं या बहुत से लोगों के बीच में हों तो मास्क ज़रूर पहनें।

शोध लगातार यह बताता है कि नस्लीय और जातीय अल्पसंख्यकों के COVID-19 से प्रभावित होने में कोई अनुपात नहीं है। इस महीने को, जब हम **Black History Month** के रूप में मना रहे हैं, तो यह

ज़रूरी है कि हम अपने Durham क्षेत्र के विविधता वाले समुदाय के प्रत्येक सदस्य को सुरक्षित रखने और सहयोग देने के लिए सतर्क रहना जारी रखें।

Black History Month कनाडा के उन ब्लैक निवासियों की महत्वपूर्ण उपलब्धियों और योगदानों को सम्मानित करने का समय है, जिन्होंने कनाडा के और विविध, सहानुभूतिपूर्ण और समृद्ध राष्ट्र बनने के सफर को आकार दिया है। पूरे महीने के दौरान हमने कई गतिविधियां और घोषणाएं आयोजित करने कि योजना बनाई हुई है। इसमें Durham क्षेत्र के 'Together We Rise' नामक वर्चुअल अभियान में भागीदारी भी शामिल है। यहाँ हमारा वीडियो देखें और हमारे कुछ नेताओं को यह समझाते हुए सुनें कि कैसे Lakeridge Health एक दूसरे की भिन्नता का जश्न मनाने वाली समावेशी संस्कृति के निर्माण के लिए काम कर रहा है।

हम आग्रह करते हैं कि आप हमारे साथ जुड़ें और Black History Month को मनाने के लिए पूरे Durham क्षेत्र और उसके बाहर होने वाली कई गतिविधियों में भाग लें और समानता, गैर-भेदभाव और सामाजिक न्याय के लिए चल रहे आंदोलन में सहयोग दें।

हमारे रोगियों की संवेदनापूर्ण और दयालुता भरी देखभाल करने के लिए हम सभी का अपने कौशल और ज्ञान का प्रयोग करने का समय आ गया है। इस वैश्विक महामारी के विरुद्ध युद्ध लड़ते हुए, हम अपनी परिवर्तनशील यात्रा पर आगे बढ़ रहे हैं, ताकि स्वास्थ्य देखभाल की निरंतरता की एक एकीकृत प्रणाली उन लोगों के लिए हो, जिन्हें हमारी सबसे ज्यादा ज़रूरत है।

कृपया स्वस्थ और सुरक्षित रहें।

आदर सहित,

Cynthia Davis
अध्यक्ष और CEO

Dr. Tony Stone
कार्यकारी अधिकारी